तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, गुरुवार 23 जुलाई 2026

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

12 30 किमी कोमाखान-छुरा मार्ग में गड्ढे ही गड्ढे


12 तेंदूकोना में धूमधाम से निकली प्रभु जगन्नाथ ...


## अब तक सर्वाधिक बारिश पिथौरा तहसील में, बढ़ रहा जलाशयों का जलस्तर भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

एक ही दिन में सर्वाधिक वर्षा जिले के सरायपाली तहसील में हुई वहीं इस मामले में महासमुंद तहसील पिछड़ गया। कुल वर्षा की बात करें तो अब तक हुई बारिश के आंकड़े के अनुसार पिथौरा तहसील में सर्वाधिक वर्षा हुई है। बंगाल की खाड़ी से एक्टिव हुए सिस्टम के चलते जिले सहित पूरे प्रदेश में पिछले 2 दिनों से लगातार थमकर और जमकर बारिश हो रही है। चेतावनियों के बीच किसानों को राहत मिली है। वहीं जलाशयों में भी जल भराव तेजी से हो रहा है। मौसम विभाग ने जिले में अगले तीन दिनों तक मध्यम से भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

बता दें कि जिले के सभी तहसीलों में रुक-रुक कर तेज बारिश का दौर जारी है कई स्थानों पर घंटों तक झमाझम बारिश होने से जनजीवन भी प्रभावित हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों में कच्चे रास्तों पर कीचड़ और जलभराव की स्थिति बन गई है। लगातार वर्षा के कारण जिले के प्रमुख कोडार जलाशय में जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। जलाशय के कैचमेंट क्षेत्र में भी अच्छी बारिश होने से पानी की आवक लगातार बनी हुई है। यदि आगामी दिनों में भी इसी प्रकार बारिश जारी रही तो जलाशयों और एनीकटों में पर्याप्त जल संग्रहण हो जाएगा, जिसका लाभ रबी और खरीफ दोनों सीजन में किसानों को मिलेगा।

इधर, मानसून की सक्रियता किसानों के लिए राहत लेकर आई है। पिछले कुछ दिनों से पर्याप्त वर्षा न होने के कारण धान रोपाई की गति प्रभावित हो रही थी। अब लगातार बारिश से खेतों में पर्याप्त पानी भर गया है और रोपाई कार्य तेज हो गया है। कृषि विभाग के अनुसार अच्छी वर्षा से खेतों में नमी बनी रहेगी, भू-जल स्तर सुधरेगा तथा वर्षा आधारित खेती करने वाले किसानों को विशेष लाभ मिलेगा। नर्सरी तैयार कर चुके किसान अब तेजी से रोपाई कार्य पूरा कर सकेंगे।

### बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के प्रभाव से लगातार हो रही बारिश

#### अगले 72 घंटे भारी बारिश की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र और उससे जुड़े चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से छत्तीसगढ़ में वर्षा गतिविधियां और बढ़ सकती हैं। महासमुंद, रायपुर, धमतरी, गरियाबंद, बलौदाबाजार समेत मध्य छत्तीसगढ़ के जिलों में अगले 72 घंटे तक गरज -चमक के साथ भारी बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने निचले क्षेत्रों में जलभराव, नदी-नालों के जलस्तर में वृद्धि तथा ग्रामीण मार्गों के प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा जारी कृषि मौसम सलाह के अनुसार आगामी दिनों में भी मौसम अनुकूल रहने की संभावना है।



#### सर्वाधिक वर्षा पिथौरा तहसील में

जिले में अब तक 453.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। सर्वाधिक औसत वर्षा जिले के पिथौरा तहसील में 587.7 मिलीमीटर, सरायपाली में 573.8 मिलीमीटर, महासमुंद में 431.2 मिलीमीटर, बसना में 398.6 मिलीमीटर, बागबाहरा में 385.3 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 343.4 मिलीमीटर कोमाखान तहसील में दर्ज की गई। 22 जुलाई को ही 26 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में सरायपाली तहसील में 60.1 मिलीमीटर, बसना में 37.3 मिलीमीटर, बागबाहरा में 17.7 मिलीमीटर, पिथौरा में 17.2 मिलीमीटर, महासमुंद तहसील में 15.8 मिलीमीटर एवं कोमाखान तहसील में 8.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

### खबर संक्षेप

#### कार की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**महासमुंद।** तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक बाइक चालक की मौत हो गई। घटना ग्राम बोंदा के नवा तालाब के आगे सारंगढ़ मेन रोड के पास की है। मामले की रिपोर्ट पर सरायपाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम बोंदा का नेताल सिंह अपनी बाइक से सरायपाली सामान खरीदने गया था। जिसकी बाइक को शाम लगभग 04 बजे ग्राम बोंदा के नवा तालाब के आगे सारंगढ़ मेन रोड के पास सारंगढ़ की ओर से आ रही कार क्रमांक सीजी 10 एफएच 1084 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर नेपाल सिंह गड़तिया के मोटर सायकल को टक्कर मार दिया। एक्सीडेंट में घायल नेपाल सिंह को इलाज हेतु शासकीय अस्पताल सरायपाली लाया गया जहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद मौत हो जाना बताया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

#### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक चालक घायल

**महासमुंद।** बाइक से अपने घर जा रहे एक व्यक्ति ट्रैक्टर की टक्कर से घायल हो गया। घटना धान मंडी झगरेनडीह के पास की है। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध सांकरा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी राजेश साहू पिता अनादी साहू बडेटेमरी ने बताया कि 06.07.2026 को उसका भाई निमेश साहू अपनी मोटर सायकल सीजी 06 जीए 8961 से ग्राम सांकरा से अपने घर ग्राम बड़ेटेमरी पुराना टुकड़ा आ रहा था। शाम लगभग 05 से 06 बजे के बीच ग्राम बडेटेमरी धान मंडी के आगे मोड़ में झगरेनडीह की ओर से लापरवाहीपूर्वक एक आयशर ट्रैक्टर क्रमांक सी.जी06 जी.जे.3165 ने एक्सीडेंट कर दिया। जिससे निमेश साहू को चोट लगी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है।

#### ऑटो पलटने से एक व्यक्ति का हाथ कुचला

**महासमुंद।** बागबाहरा सब्जी मंडी के पास करीब साढ़े तीन महीने पहले ऑटो के पलट जाने से एक व्यक्ति का हाथ कुचल गया, और इलाज के दौरान घायल व्यक्ति का हाथ काटना पड़ा। इस घटना की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध बागबाहरा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भिलाई निवासी सुधीर कुमार पिता नंद किशोर प्रसाद (46 वर्ष) 01.04.2026 को खल्लारी मेला से बागबाहरा सब्जी मंडी ऑटो क्रमांक- सीजी 04 एनसी 4838 से अपने साथी सूरज गुप्ता एवं प्रभंश केशरी के साथ आ रहा था। सब्जी मंडी के पहले प्रभंश केशरी द्वारा अपने ऑटो को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर पलट दिया, जिससे प्रार्थी सुधीर कुमार ऑटो के नीचे दब गया और उसका बांया हाथ कुचल गया, जिसका इलाज पश्चात सुराज अस्पताल नेहरू नगर भिलाई में कोहनी के ऊपर काटकर अलग किया गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 281, 125(ए), 125(बी) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

#### अंग्रेजी शराब बरामद

**महासमुंद।** जिले के पिथौरा शहर के नजदीक जंघोरानाला के पास शराब की बिक्री कर रहे एक व्यक्ति के विरूद्ध पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि 21 जुलाई को जंघोरा नाला के पास आरोपी लेखराम यादव पिता गेंदूराम यादव (30 साल) कौहाकुडा थाना पिथौरा के कब्जे से 22 नग पौवा गोवा अंग्रेजी कीमत 2640 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### आंदोलन : छात्र-छात्राओं पर की गई बर्बरता के खिलाफ नारेबाजी

## पेपर लीक के खिलाफ कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन, फूंका पीएम का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- छात्रों पर बर्बरता और पेपर लीक के खिलाफ नेहरू चौक पर विशाल प्रदर्शन

देश के युवाओं के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़, परीक्षाओं में धांधली और छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों के दमन के विरोध में बुधवार को जिला जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा किए गए विशाल और उग्र आंदोलन के तहत खल्लारी विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने नेहरू चौक पर एकत्रित होकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया।आंदोलन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, देश के जिन युवाओं ने प्रधानमंत्री पर अटूट विश्वास किया था, जिन्हें अपना रोल मॉडल माना था, आज उन्हीं युवाओं और छात्रों के साथ इस सरकार ने छल और विश्वासघात किया है। देश में लगातार हो रहे पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था में भ्रष्टाचार ने युवाओं का भविष्य अंधकार में डाल दिया है। विधायक यादव ने छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की निंदा करते हुए कहा कि हक की लड़ाई लड़ रहे छात्र-छात्राओं को बर्बरतापूर्ण तरीके से मारा-पीटा जा रहा है। विडंबना यह है कि पीड़ित छात्रों को ही हिंसक बताकर भाजपा एक झूठा नैरेटिव (विमर्श) गढ़ने का प्रयास कर रही है, जिसे देश का युवा और कांग्रेस पार्टी कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। ऐसी छात्र विरोधी सरकार को तत्काल बर्खास्त कर देना चाहिए।



#### इनकी रही मौजूदगी

इस दौरान प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, सरायपाली विधायक चातुरी नंद, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष केशव चंद्राकर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला, जिला प्रभारी महामंत्री लक्ष्मण पटेल, शहर महामंत्री निर्मल जैन, अन्नू चंद्राकर, खिलावन साहू, लखबीर छाबड़ा, करण सिंह दीवान, संजय शर्मा, दाऊलाल चंद्राकर, निखिलकांत साहू, ताम्रध्वज बघेल, देवेश साहू, विजय बंजारे, भरत ठाकुर, सोमेश दवे, समीम खान, मिन्दर चावला, अमन चंद्राकर, अमर चंद्राकर, विक्की मुस्ताक खान, सूरज नायक, तरूण साहू, तुलसी साहू, देवेश शर्मा, प्रदीप चंद्राकर, गोपी तारक, राजू यादव, राहुल लालवानी, गौरव चंद्राकर, रिंकू चंद्राकर, कुणाल चंद्राकर, शहबाज राजवानी, शकील खान, डॉ ऐजाज नकवी, हार्दिक सोना, सचिन गायकवाड़, गोविंद साहू, हीरा बंजारे, कपिल साहू, आवेज खान, मनोहर ठाकुर, राजेश डड़सेना, जयश्री दास, लक्ष्मी सोनी, राजू साहू, बसंत चंद्राकर, प्रकाश अजमानी, राजेश नेताम, अनुराग चंद्राकर, अनीश राजवानी, आकाश निषाद, लोकेश चंदन साहू, खेमराज ध्रुव, हितेश साहू, लहरी ठाकुर, जुगल किशोर शर्मा, दिनेश दुबे, किशन देवांगन, विजय बांधे, युवराज साहू, भानु सोनी मौजूद रहे।

#### नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को हिरासत में लेने पर आक्रोश

प्रदर्शनकारियों ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बर्बरतापूर्ण तरीके से हिरासत में लिए जाने की घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि संसद से लेकर सड़क तक युवाओं की आवाज उठाने वाले नेता को दबाने के लिए सरकारी तंत्र का दुरुपयोग किया जा रहा है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने साफ किया कि जब तक युवाओं को न्याय नहीं मिल जाता, यह लड़ाई थमेगी नहीं।

#### युवाओं की फौज ने फूंका पुतला

कार्यक्रम के दौरान नेहरू चौक पर भारी संख्या में पहुंचे युवा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त आक्रोश देखा गया। पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी के बीच युवाओं की फौज ने केंद्र सरकार के खिलाफ हुंकार भरते हुए प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया। इस दौरान 'युवाओं से विश्वासघात बंद करो', 'धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो' जैसे गगनभेदी नारे गूंजते रहे।

## जिले में खरीफ सीजन के लिए ऋण वितरण में तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- अब तक किसानों को मिला 432 करोड़ का ऋण

जिले में रिमझिम बारिश के दौर के बीच खरीफ सीजन की फसलों के लिए किसानों को मिलने वाले ऋण वितरण में काफी तेजी आ गई है। मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष अब तक जिले के 75 हजार से अधिक किसानों को लगभग 432 करोड़ रुपए का ऋण वितरित किया जा चुका है। खास बात यह है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस साल अधिक संख्या में किसान ऋण ले रहे हैं। किसानों को खेती-किसानी के लिए खाद, बीज और रासायनिक दवाओं की आवश्यकता होती है।



जिले में कुल एक लाख 66 हजार किसान पंजीकृत हैं, जिनमें से प्रतिवर्ष लगभग 80 हजार किसान ऋण लेते हैं। नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा ने बताया कि इस वर्ष खरीफ सीजन के लिए 500 करोड़ रुपए ऋण वितरण का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में इस निर्धारित लक्ष्य का 80 प्रतिशत हिस्सा यानी 432 करोड़ रुपए वितरित किया जा चुका है। पिछले साल लगभग 475 करोड़ रुपए का लक्ष्य रखा गया था, जिसके मुकाबले 414 करोड़ रुपए का ही ऋण वितरित हो पाया था और लक्ष्य पूरा नहीं हो सका था। लेकिन इस बार किसानों का रुझान अधिक है और वे बढ़-चढ़कर ऋण ले रहे हैं।

#### 2 लाख 59 हजार हेक्टेयर में हो रही फसल

खरीफ सीजन 2026 के दौरान जिले में कुल 2 लाख 59 हजार हेक्टेयर भूमि पर फसल लेने की योजना है। इसमें से अकेले 2 लाख 45 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में धान की फसल उगाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके साथ ही कृषि विभाग द्वारा किसानों को दलहन और तिलहन की फसलों की खेती के लिए भी लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है।

#### 30 सितंबर तक ले सकते हैं ऋण

कृषि कार्यों की शुरुआत में पैसों की सख्त आवश्यकता को देखते हुए इन दिनों समितियों और जिला सहकारी बैंकों में किसानों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा ने स्पष्ट किया है कि किसानों के लिए ऋण वितरण का यह कार्य आगामी 30 सितंबर तक जारी रहेगा। किसानों के पास ऋण प्राप्त करने के लिए अभी लगभग ढाई महीने का समय शेष बचा है, और जो किसान अब तक ऋण नहीं ले पाए हैं, वे निर्धारित तिथि तक इसका लाभ उठा सकते हैं।

## अंतरजातीय विवाह करने पर लगाया अर्थदंड, समानांतर अदालत चलाने वालों के खिलाफ अपराध दर्ज

**महासमुंद।** अंतरजातीय विवाह करने पर महिला का सामाजिक बहिष्कार करने वाले और समानांतर अदालत चलाकर अर्थदंड लगाते हुए वसूली किए जाने की रिपोर्ट पर बसना थाने में समाज प्रमुखों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

बसना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आवेदिका अंकिता प्रधान (उम्र 25 वर्ष), पत्नी सुयश रावत एवं पुत्री रामदास प्रधान, वर्तमान निवासी बचेली एवं मूल निवासी ग्राम तोषगांव ने आवेदन दिया है। आवेदन के अनुसार प्रार्थिया ने अपनी मर्जी से अंतरजातीय विवाह किया है, जिसके चलते कोलता समाज (शाखा बसना) के पदाधिकारी एवं सदस्य आवेदिका के परिवार से दुर्भावना रखने लगे। इन आरोपियों ने अपनी एक समानांतर अदालत चलाकर एकमत होते हुए आवेदिका के परिवार का पूरी तरह से सामाजिक बहिष्कार कर दिया करवा दिया। 17 मई 2026 को ग्राम बरबसपुर में प्रमुख सामाजिक पदाधिकारी आरोपियों द्वारा एक सामाजिक बैठक बुलाई गई।

जिसमें कोलता समाज के प्रमुख सामाजिक पदाधिकारी भोजराज प्रधान, प्रवीण भोई, धरणीधर साहू, संजय भोई एवं अन्य सहित कोलता समाज के कई लोग उपस्थित थे और आवेदिका अंकिता प्रधान के पिता रामदास प्रधान, माता रजनी प्रधान, भाई कुंदन प्रधान और संबंधी कीर्तन प्रधान को बुलाया गया। इस दौरान प्रमुख सामाजिक पदाधिकारी भोजराज प्रधान, प्रवीण भोई, धरणीधर साहू, संजय भोई एवं अन्य सामाजिक पदाधिकारी तथा कोलता समाज के कई व्यक्तियों ने पीड़ित परिवार को डराते धमकाते हुए सामाजिक बहिष्कार करने की बात कही। इसी डर और मानसिक दहशत में डालकर सामाजिक पदाधिकारियों ने समाज में रहने देने के एवज में 1,11,000 का अवैध आर्थिक दंड लगाया। जिसके अगले दिन 18-05-2026 को रामदास प्रधान और रजनी प्रधान ने राधेश्याम साहू के बैंक खाते में फोन-पे के माध्यम से कुल 1,11,000 रुपए ट्रांसफर किए।

आवेदिका अंकिता प्रधान द्वारा प्रस्तुत शिकायत थाना बसना में प्राप्त होने पर पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरू की गई। पुलिस द्वारा आवेदिका अंकिता प्रधान, पीड़ित रामदास प्रधान, रजनी प्रधान और कुंदन प्रधान के विस्तृत कथन दर्ज किए गए। इस दौरान कुंदन प्रधान द्वारा 17-05-2026 की बैठक की अपने मोबाइल से बनाए गए ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग पुलिस को इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के तौर पर सौंपा गया। जिसमें आरोपियों द्वारा डराने-धमकाने और पैसों की मांग करने की स्पष्ट पुष्टि होती है। वहीं फोन-पे ट्रांजेक्शन की डिटेल भी जांच के दौरान प्राप्त की गईं। पुलिस ने बताया कि अनावेदकों (आरोपियों) को तलब कर उनसे पूछताछ की गई और उनके प्रारंभिक कथन दर्ज किए गए। पूछताछ में सभी अनावेदकों ने एकराय होकर अपने बचाव में यह तर्क प्रस्तुत किया कि उन्होंने रामदास प्रधान पर कोई जुर्माना या दंड नहीं लगाया है, बल्कि 1,11,000 रुपए मंदिर समिति को स्वेच्छा से दी गई दान राशि है। अनावेदकों द्वारा दिए गए इस बचाव कथन की सत्यता की जांच करने हेतु थाना बसना से कार्यालयीन नोटिस जारी किया गया। इस नोटिस के माध्यम से अनावेदकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने बचाव को सिद्ध करने हेतु थाना बसना में उपस्थित होकर मंदिर ट्रस्ट/समिति का आधिकारिक बैंक पासबुक, दान की मूल रसीद बुक, बैठक का मूल प्रस्ताव रजिस्टर और समाज की नियमावली प्रस्तुत करें, इसके बावजूद, भी अनावेदक पुलिस के समक्ष अपने बचाव के समर्थन में कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने में पूर्णतः विफल रहे। अनावेदकों द्वारा अपने बचाव को सिद्ध करने हेतु कोई भी साक्ष्य प्रस्तुत नही कर पाए। पुलिस ने आरोपी भोजराज प्रधान, प्रवीण भोई,धरणीधर साहू, संजय भोई एवं अन्य के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 308(2), 351(2), 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### विवि की दीक्षांत समारोह में दर्शिका को बीकॉम में मिलेगा स्वर्ण पदक

## वाणिज्य विषय की प्रावीण्य सूची में महासमुंद की 5 छात्राएं शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा हाल ही में घोषित बीकॉम और एम कॉम की प्रावीण्य सूची में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद के वाणिज्य संकाय की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे विश्वविद्यालय में अपने महाविद्यालय और महासमुंद जिले का नाम रोशन किया है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी मेरिट सूची के अनुसार, बीकॉम अंतिम वर्ष में महाविद्यालय की होनहार छात्रा दर्शिका गोलछा ने 1800 में से 1368 अंक प्राप्त कर पूरे विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। जिसके लिए उन्हें विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। वहीं इसी कक्षा की शिवांगी जोशी ने 1354 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।



स्नातक के साथ - साथ स्नातकोत्तर स्तर पर भी छात्राओं का प्रदर्शन बरकरार रहा। एम कॉम चतुर्थ सेमेस्टर की प्रावीण्य सूची में संस्था की तीन छात्राओं ने अपना दबदबा बनाया है। छात्रा रशप्रीत कौर गुरुदत्ता ने 2000 में से 1516 अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान, विभूति साहू ने 1490 अंकों के साथ छठवां स्थान और संजना श्रीवास्तव ने 1450 अंक प्राप्त कर दसवां स्थान अर्जित किया है। महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय का यह उत्कृष्ट प्रदर्शन पिछले कई वर्षों से अनवरत जारी है। वाणिज्य विभागाध्यक्ष अजय कुमार राजा ने बताया कि विगत 05 वर्षों में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने लगातार मेरिट सूची में अपना स्थान पक्का किया है। उन्होंने बताया कि इसके पूर्व भी वर्ष 2019 में गुप्तेश नामदेव, वर्ष 2022 में निधि बग्गा, वर्ष 2023 में प्रमोद कुमार ने भी विश्वविद्यालय की एम कॉम की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान अर्जित कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया था। सत्र 2020-21 में 04, 2021-22 में 03, 2022-23 में 07, 2023-24 में 05 और 2024-25 में 03 छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय की वाणिज्य संकाय की प्रावीण्य सूची में अपना स्थान अर्जित कर महाविद्यालय एवं महासमुंद जिले का परचम लहराया है।

इस उपलब्धि पर संस्था की प्राचार्य करुणा दुबे ने हर्ष जताते हुए ने इस शानदार सफलता का श्रेय छात्राओं की कड़ी मेहनत, लगन और वाणिज्य विभागाध्यक्ष अजय कुमार राजा सहित विभाग के अन्य प्राध्यापकों राजेश्वरी सोनी, मनबोध चौहान, मनीषा प्रधान, परवीन नजीब, रोहित ढीमर, अजय साव, डॉ भूपेश पात्रा के मार्गदर्शन को दिया है। छात्राओं की इस सफलता पर विधायक व अध्यक्ष महाविद्यालय जनभागीदारी समिति योगेश्वर राजू सिन्हा, डॉ ए करीम पूर्व विभागाध्यक्ष वाणिज्य, महाविद्यालय की कला संकाय प्रमुख डॉ रीता पांडेय, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ मालती तिवारी, डॉ नीलम अग्रवाल, डॉ आरके अग्रवाल, डॉ ईपी चेलक, डॉ दुर्गावती भारतीय, दिलीप बढ़ाई, मुकेश साहू सहित महाविद्यालय के सम्मत अधिकारियों व कर्मचारियों ने हर्ष जताया है।



### पलसापाली में शराब जब्त, 2 आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** बलौदा पुलिस ने ग्राम पलसापाली में दबिश देकर दो लोगों के कब्जे से शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि जिला पुलिस महासमुंद द्वारा अवैध शराब बनाने, बिक्री एवं परिवहन करने वालों के विरूद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत 22 जुलाई को बलौदा पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम पलसापाली मे अवैध रूप से शराब का निर्माण एवं ब्रिकी किया जा रहा है। मुखबिर द्वारा बताए अनुसार संदेही रामकुमार जोल्हे पिता देशराम जोल्हे (50 वर्ष) पलसापाली के घर दबिश देकर उसके कब्जे से 25 लीटर महुआ शराब (कीमत 5000 रुपए) को जब्त किया गया। इसी गांव में एक अन्य व्यक्ति भेकलाल जोल्हे पिता स्व. लक्ष्मी जोल्हे (34 वर्ष) के घर मे दबिश देकर तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब (कीमत 4000 रुपए) बरामद किया गया। दोनों आरोपियों के विरूद्ध थाना बलौदा में अपराध क्रमांक 46 एवं 47/26 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

**खबर संक्षेप**

### सड़क पर वाहन पार्किंग हीरापुर रिंगरोड में कार्रवाई

**रायपुर।** सड़क को पार्किंग बनाने वाले वाहनों के खिलाफ हीरापुर रिंगरोड-2 एवं बिलासपुर मार्ग पर लगातार दूसरे दिन भी विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े ट्रक एवं ट्रेलरों के विरुद्ध ई-चालान किए गए तथा सड़क अवरोध उत्पन्न करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 285 के अंतर्गत नियमानुसार कार्रवाई की गई। ऐसे वाहन चालकों को पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से समझाइश भी दी गई। उन्हें बताया गया कि सड़क पर वाहन खड़े करने से यातायात बाधित होता है, दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ती है तथा आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है। वाहन चालकों से अपील की गई कि वे स्वेच्छा से अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर हटाएं।

### नशीली टेबलेट बेचने वाले दो बदमाश गिरफ्तार



**रायपुर।** बीमारी में उपयोग आने वाली दवाईयों को नशा करने वालों को बेचने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खम्हारडीह के चंडी नगर में सुनील बघेल एवं सचिन महानंद को पकड़कर उनसे 459 नग नशीली टेबलेट जब्त की गई है। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि ये दवा वे ओडिशा से लाकर क्षेत्र के नशेड़ियों के बीच खपाते थे। बरामद दवा की कीमत 1.83 लाख रुपए आंकी गई है। उनके खिलाफ धारा 21(बी), 22 नारकोटिक्स एक्ट का अपराध थाना खम्हारडीह में दर्ज किया गया है।

### उधारी के झगड़े में दो पक्षों में जमकर मारपीट

**रायपुर।** उधार की रकम पर उपजे विवाद पर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। खमतराई के धनलक्ष्मी नगर में रहने वाले दिनेश रजक ने शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी पवन सिंह एवं लव सिंह ने मिलकर उससे मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पिटाई के बाद भी आरोपियों का मन नहीं भरा तो उन्होंने प्रार्थी की गाड़ी की हेडलाइट भी तोड़ दी। आरोपियों ने दिनेश को भी चेताया कि पैसा वापस नहीं करने पर बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। मामले में खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### छह साल से फरार हिस्ट्रीशीटर पकड़ाया

**रायपुर।** हत्या के प्रयास, बलवा, नकबजनी, चोरी, मारपीट, तोड़फोड़, शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाना, आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट, नारकोटिक्स जैसे दो दर्जन से अधिक मामलों में लिप्त आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले 6 साल साल से स्थायी वारंटी के रूप में जगह बदल-बदलकर फरारी काट रहा था। उसकी आपराधिक गतिविधि को ध्यान में रखते हुए तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश पुलिस अफसरों को दिए गए थे।

**आयोजन:** बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत छपोराडीह स्कूल में हुआ कार्यक्रम

# छात्राओं को भविष्य के प्रति जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए किया प्रेरित




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में जिला कार्यक्रम अधिकारी टिक्वेंद्र जाटवर के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित महिला सशक्तिकरण केंद्र (हब) ने मंगलवार को हायर सेकंडरी स्कूल छपोराडीह में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत किशोरी बालिकाओं के लिए कैरियर काउंसिलिंग एवं जागरूकता सत्र का आयोजन किया। कार्यक्रम में छात्राओं को उच्च शिक्षा, कौशल विकास, स्वरोजगार तथा विभिन्न रोजगारपरक अवसरों की जानकारी देकर उन्हें अपने भविष्य के प्रति जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के विषय विशेषज्ञ ने छात्राओं को स्वरोजगार, उद्यमिता और कौशल प्रशिक्षण के विभिन्न अवसरों की जानकारी देते हुए कहा कि आज के दौर में कौशल आधारित शिक्षा आत्मनिर्भरता की मजबूत नींव है। उन्होंने छात्राओं से अपनी रुचि के अनुरूप कौशल विकसित कर रोजगार के नए अवसरों का लाभ उठाने का आह्वान किया। मिशन शक्ति हब की वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ ने छात्राओं को बचत की आदत, बैंकिंग सेवाओं का उपयोग, डिजिटल भुगतान, वित्तीय प्रबंधन तथा आर्थिक रूप से सशक्त बनने के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। वहीं जिला बाल संरक्षण इकाई (आईसीपीएस) के सामाजिक कार्यकर्ता ने बाल अधिकार, बाल संरक्षण एवं सुरक्षित वातावरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की उपयोगिता से अवगत कराया और किसी भी आपात स्थिति में इस निःशुल्क सेवा का उपयोग करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के उद्देश्यों, बालिका शिक्षा, लैंगिक समानता, महिला सशक्तिकरण तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए कैरियर, उच्च शिक्षा एवं भविष्य से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने विस्तार से समाधान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।



## बंसुला में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन

### प्रेमकुमारी अध्यक्ष, भारत साव उपाध्यक्ष बने

**बसना।** बसना विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला बसुला मर्ज होने के उपरांत संयुक्त रूप से शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन नवीन साहू सरपंच तथा जनपद सदस्य जन्मजय साव, पालकगण की उपस्थिति में किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से प्रेमकुमारी चौहान को अध्यक्ष तथा भारत साव को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर कुल सोलह सदस्य बनाए गए। जिसमें पालकगण, जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद् से सदस्य मनोनीत किए गए। सभी मनोनीत पदाधिकारियों को प्रधान पाठक दिनेश डड़सेना एवं राजेश भोई ने विद्यालय के प्रति समर्पित भाव रखने एवं समय समय पर गुणवत्ता जांच के लिए समय देते रहने प्रेरित किया। इस अवसर पर ग्राम के नागरिकगण, पंचायत प्रतिनिधि, प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक प्रवीर कुमार बेहेरा ने किया।

## लाफिनखुर्द स्कूल में हुई स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता

**महासमुंद।** शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न जनजागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जागरुकता विकसित करने के उद्देश्य से निबंध लेखन प्रतियोगिता तथा चित्र एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई। निबंध प्रतियोगिता में कुल 15 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में दीक्षा साहू (कक्षा 10वीं) प्रथम रही। पायल साहू एवं प्रीति साहू (कक्षा 10वीं) संयुक्त रूप से द्वितीय तथा डिगेश्वरी पटेल एवं लीसा साहू (कक्षा 10वीं) संयुक्त रूप से तृतीय रहीं। चित्र एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में कुल 13 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इसमें गोपिका साहू (कक्षा 9वीं) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। डिगेश्वरी साहू एवं जागृति साहू (कक्षा 10वीं) संयुक्त रूप से द्वितीय, कुसुम साहू (कक्षा 9वीं) एवं लीसा साहू (कक्षा 10वीं) संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। पायल साहू एवं डिगेश्वरी पटेल (कक्षा 10वीं) को चतुर्थ तथा कुसुमलता साहू एवं मीरा यादव को पंचम स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने स्वच्छता विषय पर अत्यंत सारगर्भित निबंध प्रस्तुत किए तथा आकर्षक एवं प्रेरणादायक पोस्टरों के माध्यम से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली का प्रभावी संदेश दिया। विद्यालय के प्राचार्य भारत साहू ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की



जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से विद्यालय, घर एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने तथा समाज में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता फैलाने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए स्वच्छता अभियान को जन-आंदोलन बनाने का संदेश दिया।

## रिमझिम बारिश में सफाई व्यवस्था का जायजा लेने निकले पालिकाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रिमझिम बारिश के बीच भी शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के संकल्प के साथ नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं बाजार क्षेत्रों का औचक निरीक्षण करने निकले। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नालियों, नालों और प्रमुख मार्गों की साफ-सफाई व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। बारिश के कारण कई जगहों पर जलभराव और नालियों में कीचड़ जमा होने की स्थिति को देखते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं सफाई कर्मचारियों को तुरंत प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए।

अध्यक्ष साहू ने कहा कि मानसून के मौसम में जल निकासी व्यवस्था का सुचारु रहना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से नगर की समस्त बड़ी नालियों एवं नालों की नियमित एवं गहन सफाई करवाई जा रही है, ताकि बारिश का पानी सुगमता



से निकल सके और नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि सफाई कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और प्रत्येक वार्ड में साफ-सफाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। इस अवसर पर साहू ने नगरवासियों से भी विनम्र अपील की कि स्वच्छ और सुंदर महासमुंद बनाने में जनसहयोग सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कृपया कचरा नालियों, सड़कों या सार्वजनिक स्थानों पर न फेंके। घरों का कचरा हमेशा डस्टबिन में एकत्रित कर डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण करने वाली स्वच्छता दीदियों को ही सौंपें। छोटे-छोटे प्रयासों से ही हम अपने शहर को स्वच्छ रख सकते हैं। पालिका का उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छ, स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। आइए, हम सभी मिलकर अपने महासमुंद को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने का संकल्प लें और इस अभियान को जन आंदोलन का रूप दें।

## युवाओं की आवाज़ को लाठी से दबाने का प्रयास:दिव्येश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस नेता दिव्येश चंद्राकर ने जारी वक्तव्य में कहा है कि, देश का युवा आज कोई अनुचित मांग नहीं कर रहा है। वह केवल निष्पक्ष परीक्षाएं, पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया, समय पर नियुक्तियां और अपने भविष्य की सुरक्षा चाहता है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि जो युवा सरकार से जवाबदेही मांग रहे हैं, उन्हें संवाद और समाधान के बजाय पुलिस की लाठियों और आंसू गैस का सामना करना पड़ रहा है। सत्ता के अहंकार में चूर मोदी सरकार को यह अच्छी तरह समझ लेना चाहिए कि, युवाओं की आवाज़ को लाठी से दबाया नहीं जा सकता।



चंद्राकर ने कहा है कि, दिल्ली के जंतर-मंतर पर शिक्षा व्यवस्था में सुधार, परीक्षाओं में पारदर्शिता तथा युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों पर शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन कर रहे हजारों युवाओं, महिलाओं और बच्चों पर दिल्ली पुलिस द्वारा जिस निर्ममतापूर्वक लाठीचार्ज किया गया और आंसू गैस के गोले दागे गए, उसकी जितनी निंदा की जाए, कम है। वहीं इस पर सरकार की जवाबदेही के लिए प्रधानमंत्री आवास के सामने धरना दे रहे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को जिस तरह घसीटकर चोटिल किया गया, और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सहित विपक्षी नेताओं को जबरन हिरासत में लिया गया, वह लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है।

## वेडनर स्कूल में वन महोत्सव के तहत किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वेडनर मेमोरियल हायर सेकंडरी स्कूल में 22 जुलाई को वन महोत्सव पर पौधारोपण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाते हुए आयोजित इस कार्यक्रम में नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक के सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। साथ ही सभी ने इन पौधों की देखभाल करने का संकल्प भी लिया।




कार्यक्रम का शुभारंभ शाला के मैनेजर रेव्ह. फादर जार्ज कवालम एवं प्राचार्य रेव्ह. फादर थैनीस राज ने पौधे लगाकर किया। तत्पश्चात छात्रों को संबोधित करते हुए मैनेजर रेव्ह. फादर जार्ज ने कहा कि हर छात्र-छात्रा को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी रक्षा करनी चाहिए। क्योंकि, वृक्ष हमारे जीवन का अभिन्न अंग और आधार है। वर्षों से ही हमें शुद्ध हवा, छाया और जीवन मिलता है। इसलिए हमें इसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। इसी क्रम में वरिष्ठ शिक्षिका मिताली जैन ने कहा, पर्यावरण प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव हाल में ही यूरोप में बढे तापमान के रूप में देखा जा सकता है। पौधे लगाना और उनका पोषण करना और सही ढंग से देखभाल करना हमारी जिम्मेदारी है। एक अकेला पौधा भी पर्यावरण को बदल सकता है और आने वाली पीढ़ी के रहने के लिए पृथ्वी को बेहतर जगह बना सकता है। कार्यक्रम में कक्षा 12वीं की छात्रा मनप्रीत कौर ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि पृथ्वी हमारा एकमात्र घर है इसकी रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है। हम पेड लगाकर और उसकी रक्षा करके प्लास्टिक का उपयोग कम करके, रिसाइकल करके तथा पानी और बिजली बचाकर अपने पर्यावरण का संरक्षण कर सकते हैं। पेड़ लगाने का सबसे अच्छा समय 20 साल पहले था और दूसरा सबसे अच्छा समय आज है। अंत में प्राचार्य रेव्ह. फादर थैनीस राज ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की प्रशंसा की और सभी से पृथ्वी को प्रदूषण मुक्त रखने की अपील की।

**मुंबई-हावड़ा रेल कॉरिडोर पर संचार टावरों की स्थापना लगभग पूरी**

# 238 इंजनों में लगा 'कवच', दुर्ग-मांढर सेक्शन में तैयारी, सितंबर से लोको ट्रायल

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों मंडलों में चल रहा काम, कई सेक्शन में जल्द होगी कमीशनिंग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन को और मजबूत बनाने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में स्वदेशी ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। रेलवे के अनुसार जोन के 2,430 रूट किलोमीटर नेटवर्क पर कवच प्रणाली लागू किया जाना है। परियोजना के तहत अब तक 238 लोकोमोटिवों में कवच के ऑनबोर्ड उपकरण लगाए जा चुके हैं, जबकि संचार अवसंरचना विकसित करने का कार्य भी प्रगति पर है। रेलवे के मुताबिक मुंबई-हावड़ा रेल कॉरिडोर पर संचार टावरों की स्थापना लगभग पूरी हो चुकी है, जबकि ऑप्टिकल फाइबर केबल, ओएफसी बिछाने का कार्य जारी है। तीनों रेल मंडलों में चरणबद्ध तरीके से फील्ड परीक्षण, लोको ट्रायल और कमीशनिंग का कार्य किया जा रहा है। बता दें कि कवच भारतीय रेल की स्वदेशी ट्रेन सुरक्षा प्रणाली है।





**कवच का काम तेजी से आगे बढ़ रहा**

*दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में स्वदेशी ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। जोन के 2,430 रूट किलोमीटर नेटवर्क पर कवच प्रणाली लागू किया जाना है। परियोजना के तहत अब तक 238 लोकोमोटिवों में कवच के ऑनबोर्ड उपकरण लगाए जा चुके हैं।* - **शेख रहमान, सीपीआरओ**

### बिलासपुर-चांपा सेक्शन में फील्ड परीक्षण पूरा

बिलासपुर मंडल में बिलासपुर-रायगढ़ 132 रूट किमी सेक्शन पर कवच की एसआईएल-0 कमीशनिंग की योजना बनाई गई है। बिलासपुर-चांपा सेक्शन में फील्ड परीक्षण पूरा हो चुका है और जुलाई माह में कमीशनिंग प्रस्तावित है। वहीं अन्य सेक्शनों में ऑटोमेटिक सिग्नलिंग का कार्य पूरा होने के बाद कवच प्रणाली की कमीशनिंग की जाएगी।

### दुर्ग से मांढर के बीच इस वर्ष कवच प्रणाली होगी लागू

रेलवे से मिली जानकारी मुताबिक रायपुर मंडल के दुर्ग-मांढर 49 रूट किमी सेक्शन में चालू वित्तीय वर्ष के दौरान कवच प्रणाली लागू करने की योजना है। दुर्ग-रायपुर सेक्शन में आरएफआईडी टैग लगाने का कार्य पूरा हो चुका है। रेलवे ने सितंबर तक लोकोमोटिव ट्रायल शुरू करने और इसी माह इस सेक्शन में कवच प्रणाली की कमीशनिंग का लक्ष्य निर्धारित किया है।

### आरपीएफ की मुस्तैदी से सुरक्षित मिला यात्री का बैग

**रायपुर।** रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल, आरपीएफ ने रेल मदद शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक यात्री का प्लेटफॉर्म पर छूटा बैग सुरक्षित बरामद कर लिया। बैग में तीन लैपटॉप समेत अन्य कीमती सामान रखा था। आरपीएफ के अनुसार 19 जुलाई की सुबह 3.24 बजे रेल मदद के माध्यम से सूचना मिली कि प्लेटफॉर्म नंबर-5 पर एक यात्री का काले रंग का बैग छूट गया है। शिकायतकर्ता अमन तिवारी से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि वे ट्रेन संख्या 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस से रायपुर से मिर्जापुर जा रहे थे। ट्रेन में सवार होने के दौरान उनका बैग प्लेटफॉर्म पर छूट गया, जिसमें तीन लैपटॉप, चार्जर, कपड़े और अन्य निजी सामान रखा था। ट्रेन के रवाना होने के बाद प्लेटफॉर्म ड्यूटी पर तैनात प्रधान आरक्षक शिशुपाल ने प्लेटफॉर्म नंबर-5 का निरीक्षण किया।

## सावन एक्जीबिशन का हुआ आयोजन



**सरायपाली।** अग्रवाल महिला मंडल के तत्वावधान में सावन एक्जीबिशन का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला में किया गया। इस एक्जीबिशन में लड्डू गोपाल की पोशाक, इमीटेशन ज्वेलरी, राखियां, इंडियन. वेस्टर्न ड्रेसेस, बैंग, श्रृंगार सामग्री, गिफ्ट आइटम एवं टैंपर सहित अन्य विविध प्रकार की सामग्री का अनूठा संग्रह देखने को मिला। विभिन्न स्थानों से आए 25 स्टाल्स का नगरवासियों ने भरपूर लाभ उठाया। इस एक्जीबिशन का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष सरस्वती चंद्र कुमार पटेल ने किया। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष अजय अग्रवाल, अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्ष कुसुम अग्रवाल, उपाध्यक्ष मोनी अग्रवाल एवं ललिता अग्रवाल, सचिव प्रतिभा गोयल, सहसचिव रिया अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शिखा अग्रवाल, सहसचिव रिया, सांस्कृतिक सचिव शारी अग्रवाल एवं शारी अग्रवाल मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### सोनिया बनीं भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष



**सांकरा।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला संगठन का विस्तार करते हुए सोनिया सुमित अग्रवाल को जिला उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में उत्साह की लहर है। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार, यह नियुक्ति भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी की सहमति एवं भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू की अनुशंसा पर की गई है। पार्टी नेतृत्व ने सोनिया अग्रवाल के सक्रिय योगदान, संगठन के प्रति निष्ठा और सामाजिक कार्यों में उनकी तत्परता को देखते हुए उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी है। सोनिया अग्रवाल ने भाजपा महिला मोर्चा में जिला उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपने के लिए पार्टी के शीर्ष एवं प्रांतीय नेतृत्व का आभार जताया। सोनिया सुमित अग्रवाल को जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर महासमुंद जिले के भाजपा पदाधिकारियों, महिला मोर्चा की सदस्यों और समर्थकों ने हर्ष जताया है।

### रोड कंक्रीटीकरण में अनियमितता, ज्ञापन सौंपा

**रायपुर।** वीरांगना अवंती बाई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा जोन 2 के अंतर्गत चल रहे रोड कांक्रीटीकरण कार्यों में अनियमितता की शिकायत को लेकर जोन 2 आयुक्त कोज्ञापन सौंपा गया। शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा कि जोन क्षेत्र में कई स्थानों पर पुराने कांक्रीट मार्ग को बिना हटाए उसके ऊपर ही नया कांक्रीटीकरण किया जा रहा है, जिससे सड़क की ऊंचाई लगातार बढ़ रही है।

## योजना : हर घर जल योजना से सैवैयाकला में हर घर पहुंच रहा जल

# देविका ने कहा: श्रम और समय की बचत से बच्चों की देखभाल और घर का काम हुआ आसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद






कभी सुबह की शुरुआत पानी की तलाश से होती थी। गांव की महिलाएं सिर पर घड़े रखकर दूर-दूर तक पानी लाने जाती थीं। गर्मी के दिनों में यह परेशानी और भी बढ़ जाती थी। लेकिन आज विकासखंड पिथौरा के ग्राम पंचायत टेका अंतर्गत ग्राम सेवैयाकला में अब गांव के हर घर में नल से स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है और पानी की चिंता अतीत की बात बन गई है।

केंद्र सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन हर घर जल योजना के तहत 25 जून 2026 को सेवैयाकला ने हर घर जल का लक्ष्य हासिल कर लिया। गांव के सभी परिवारों को नियमित रूप से नल के माध्यम से सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। ग्राम पंचायत की सरपंच कमली बसंत और सचिव हेमलता साहू के नेतृत्व में योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया गया। योजना के अंतर्गत लगभग 81.52 लाख रुपए की लागत से गांव में जल प्रदाय व्यवस्था विकसित की गई। इसके तहत 40 किलोलीटर क्षमता की ऊंची पानी टंकी का निर्माण किया गया तथा 3,825 मीटर लंबी पाइपलाइन बिछाकर 185 घरों तक नल कनेक्शन दिए गए।

गांव के प्राथमिक विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र को भी इस सुविधा से जोड़ा गया, जिससे बच्चों को भी स्वच्छ पेयजल सहजता से उपलब्ध हो रहा है। जलापूर्ति व्यवस्था को लंबे समय तक सुचारू बनाए रखने के लिए गांव में ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति का गठन किया गया है।

समिति का बैंक खाता संचालित है और रखरखाव के लिए प्रत्येक परिवार से 60 रुपए प्रतिमाह जलकर लिया जा रहा है। इससे भविष्य में भी जलापूर्ति व्यवस्था निर्बाध रूप से चलती रहेगी। जलापूर्ति की जिम्मेदारी मिथिलेश बसंत को पंप ऑपरेटर के रूप में सौंपी गई है।

वे प्रतिदिन सुबह और शाम निर्धारित समय पर जलापूर्ति सुनिश्चित करते हैं, जिससे प्रत्येक घर तक नियमित पानी पहुंच रहा है। गांव की निवासी देविका साहू बताती हैं कि पहले पानी लाने के लिए काफी दूर जाना पड़ता था। गर्मी में कई बार घंटों इंतजार करना पड़ता था। अब घर के नल से स्वच्छ पानी मिल रहा है। समय की बचत होती है, बच्चों की देखभाल और घर के अन्य काम आसानी से हो जाते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि परिवार को साफ पानी मिलने से स्वास्थ्य भी बेहतर हुआ है।

## कलेक्टर ने की जल जीवन मिशन योजना के प्रगति की समीक्षा




**महासमुंद।** कलेक्टर तथा अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन विनय कुमार लंगेह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ठेकेदारों की बैठक लेकर जल जीवन मिशन योजना के प्रगति की समीक्षा की। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अनुपमा आनंद, अपर कलेक्टर रवि साहू, कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग पीआर वर्मा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ठेकेदार उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर ने ठेकेदारों को तय समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। धीमी गति से काम करने एवं लापरवाही बरतने वाले 05 पर ठेकेदारों को अंतिम नोटिस जारी करते हुए चेतावनी जारी किया गया। उन्हें तत्काल कार्य प्रारंभ नहीं करने पर निरस्त करने, ठेकेदार को डिबार करने या पेनाल्टी लगाने जैसी कड़ी कार्रवाई किया जाएगा। विभागीय अधिकारियों और सब-इंजीनियरों को निर्देशित किया गया कि वे निर्माण स्थलों का लगातार निरीक्षण करें और तथ्यपूर्ण प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बैठक में उपस्थित ठेकेदारों के द्वारा काम को आगे बढ़ाने में आ रही व्यावहारिक दिक्कतों से भी अवगत कराया गया। कलेक्टर द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, विद्युत विभाग एवं पंचायत विभाग को आपसी समन्वय स्थापित कर इन समस्याओं का निराकरण कर जल जीवन मिशन का सफल क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए गए।

# महार्षि विद्या मंदिर में उत्साहपूर्वक मनाया गया राष्ट्रीय ध्वज अंगीकरण दिवस

## कार्यक्रम में छात्रों ने लिया उत्साह से भाग, राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में विद्यार्थियों ने जगाई राष्ट्रप्रेम की अलख

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



राष्ट्रीय ध्वज अंगीकरण दिवस पर बुधवार को मचेवा स्थित महार्षि विद्या मंदिर विद्यालय प्रांगण में देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रध्वज के गौरव, इतिहास एवं राष्ट्रीय जीवन में उसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, प्रेरणादायक भाषण एवं आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत की गईं, जिन्होंने उपस्थित सभी को राष्ट्रप्रेम एवं राष्ट्रीय एकता की भावना से अभिभूत कर दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं समस्त विद्यालय परिवार ने राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, उसकी गरिमा एवं भारतीय संविधान के आदर्शों के प्रति सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया। संपूर्ण कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य आरके तिवारी के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम के संचालन एवं उत्कृष्ट समन्वय का दायित्व असेंबली प्रभारी लिशी देवांगन एवं आँचल सोनी ने सफलतापूर्वक निभाया। विद्यालय परिवार द्वारा सुचिता, वंदना, एलिशा, सभी दायित्वधारी सदस्यों एवं समस्त छात्र परिषद (बैज होल्डर्स) की अनुशासित कार्यशैली, टीम भावना, समर्पण एवं जिम्मेदारी की विशेष प्रशंसा की गई, जिनके अथक प्रयासों से कार्यक्रम सफलतापूर्वक हुआ। विद्यालय परिवार की ओर से ज्योतिका को विशेष रूप धन्यवाद दिया गया, जिन्होंने अत्यंत कम समय में देशभक्ति पर आधारित आकर्षक नृत्य की तैयारी कर आत्मविश्वास एवं उत्कृष्ट प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। उनकी प्रभावशाली प्रस्तुति कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही और उपस्थित सभी ने उसकी मुक्त कंठ से सराहना की। प्राचार्य आरके तिवारी ने सभी शिक्षकगण, असेंबली प्रभारी, छात्र परिषद एवं विद्यार्थियों को कार्यक्रम की सफलता पर कहा कि अनुशासन, नेतृत्व, टीमवर्क एवं राष्ट्रप्रेम की भावना ही विद्यार्थियों को आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा देती है।

### काव्य संध्या राहगीरी का आयोजन 26 को

**रायपुर।** नवरंग काव्य मंच द्वारा 26 जुलाई को भव्य काव्य संध्या राहगीरी का आयोजन सिविल लाइंस स्थित वृंदावन सभागार में शाम 5 बजे से प्रारंभ होगा। इस दौरान नवोदित एवं मूर्धन्य कवि अपने काव्य पाठ से विविध रसों की बौछार करेंगे।

## शिशु संस्कार केंद्र उमावि में हुआ एचपीवी टीकाकरण का आयोजन



**महासमुंद।** शिशु संस्कार केंद्र उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एचपीवी टीकाकरण शिविर का आयोजन स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से हुआ। विद्यालय के प्रबंधक मनोहर महंती एवं प्राचार्या सरला सोनी एवं स्टाफ की उपस्थिति रही। साथ ही स्वास्थ्य विभाग से एमआई सुपरवाइजर दीपक तिवारी, भुवनेश्वर सिन्हा एवं ललिता देवदास विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम से दीपक तिवारी ने विद्यार्थियों को एचपीवी (ह्यूमन पेपिलोमा वायरस) और इससे बचाव के फायदों के बारे में जागरूक किया। अधिकारियों ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन एक अत्यंत प्रभावकारी टीका है जो महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर) के मुख्य कारक एचपीवी से सुरक्षा प्रदान करता है। यह टीका वायरस के संपर्क में आने से पूर्व लगवाने पर सबसे अधिक असरदार साबित होता है। टीकाकरण अभियान के तहत विद्यालय की 14-15 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकीं छात्राओंको एचपीवी की खुराक दी गई। टीकाकरण के पश्चात सभी छात्राएं पूरी तरह स्वस्थ रहीं और उन्हें किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हुई। छात्राओं ने भी इस स्वास्थ्य अभियान में बड़े ही उत्साह और जागरूकता के साथ भाग लिया। विद्यालय प्रबंधन ने इस स्वास्थ्य जागरूकता व टीकाकरण पहल के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे जन.स्वास्थ्य कार्यक्रमों के आयोजन की प्रतिबद्धता दोहराई।

## नपाध्यक्ष की पहल पर बीटीआई रोड के गड्ढों को किया समतल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की पहल पर शहर के प्रमुख बीटीआई रोड की मरम्मत का कार्य किया गया। सड़क चौड़ीकरण कार्य के कारण जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए थे, जिससे आमजनों, स्कूली बच्चों, मरीजों और दैनिक आवागमन करने वाले हजारों लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए अध्यक्ष निखिलकांत साहू द्वारा लोक निर्माण विभाग के ईई से चर्चा के बाद विभाग हरकत में आया और बुधवार को तत्काल गिट्टी डालकर समतल करने का कार्य कराया गया।

मरम्मत कार्य के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू स्वयं मौके पर उपस्थित रहे और कार्य का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानसून के कारण सड़क की स्थिति और खराब न हो इसलिए जहां-जहां गड्ढे थे उन स्थानों पर विशेष रूप से गिट्टी डालकर उन्हें भरा गया है। ताकि, सड़क को शीघ्र चलने योग्य बनाया जा सके। अध्यक्ष ने मौके पर मौजूद विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पूरे बरसात के दौरान इस मार्ग की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और समय-समय पर आवश्यकतानुसार मरम्मत कार्य कराया जाए। जिससे आम जनता को आवागमन में कोई असुविधा न हो। नपाध्यक्ष की पहल पर कराए गए इस मरम्मत कार्य से स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने राहत की सांस ली है और पालिकाध्यक्ष साहू के प्रति आभार व्यक्त किया है।

**न्यायालय तहसीलदार कोमाखान जिला महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार प्रकाशन //

क्र/3037 तह. / वा. / 2026 कोमाखान,
दिनाँक 22/07/2026
रा.प्र.क्र....ब/121/व 2025-26
ग्राम :- नर्रा प.ह.न. 20 रा.नि.मं नर्रा
तहसील :- कोमाखान जिला महासमुन्द

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक दयाराम पटेल पिता बीरसिंग जाति मरार उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम नर्रा तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि उनकी दादी रम्हीन पति रूपऊ जाति मरार का मृत्यु दिनांक 05.04.2009 को ग्राम नर्रा में हुआ है। किन्तु आवेदक एवं उनके परिजनों की अज्ञानता एवं कानून की सही जानकारी नहीं होने के कारण आवेदक की दादी रम्हीन के मृत्यु की सूचना नियत समय में ग्राम कोटवार एवं रजिस्ट्रार (जन्म/मृत्यु) नर्रा को नहीं दे पाये। जिसके कारण रजिस्ट्रार (जन्म/मृत्यु) नर्रा के द्वारा आवेदक की दादी रम्हीन पति रूपऊ का मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनाया गया। अतः आवेदक के द्वारा अपनी दादी रम्हीन का मृत्यु दिनांक 05.04.2009 घटना पंजीकृत किए जाने हेतु माननीय न्यायालय तहसीलदार कोमाखान के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में पंजीकृत है, जिसमें आगामी पेशी दिनांक 24/07/2026 को नियत है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/उजर / दावा या आपत्ति हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने वैध अभिभाशक के माध्यम से दिनांक 24/07 / 2026 को उपस्थित हो कर पेशी कर सकते हैं। बाद में प्राप्त का आक्षेप/उजर / दावा/आपत्ति अथवा आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 10/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार कोमाखान

**न्यायालय तहसीलदार कोमाखान जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र.../अ-21/वर्ष 2025 26
ग्रामः भिलाईदादर प.ह.नं. 27 रा.नि.मं. मुनगासेर
तहसीलः कोमाखान, जिला महासमुन्द (छ.ग.)

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कार्यालय कलेक्टर महोदय जिला महासमुद छग के पृष्ठाकन क्रमाक 1347/ वाचक / 2026 महासमुद दिनांक 09.04 2026 के अनुसार आवेदकगण धनश्याम धुव पिता तुलसिह (तुलसीराम धुव) जाति गोड निवासी ग्राम कछारडीह पोस्ट झलप तहसील व जिला महासमुद छग माननीय कलेक्टर महोदय जिला महासमुंद छ.ग. के समक्ष छ.ग भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (7) के तहत आवेदन प्रस्तुत करें निवेदन किया गया है कि भूग्राम मिलाईदादर प.ह.नं 27 रा.नि.मं मुनगासेर तहसील कोमाखान जिला महासमुद छग में स्थित भूमि खसरा नबर 594 रकबा 0.60 हे. लगान 0.75 रूप्ये जो वर्तमान राजस्व अभिलेख में आवेदक घनश्याम पिता तुलसिह जाति गोड के नाम से शासकीय पटटे से प्राप्त भूमि है। आवेदक काफी वृद्ध है। वह ग्राम चरौदा तहसील पुरा में रहना चाहता है ग्राम भिलाईदादर के अपने नाम के उक्त भूमि को विक्रय कर ग्राम चरौदा पहनं 08 रानिम खडमा तहसील छुरा जिला गरियाबंद स्थित खसरा नंबर 55/2, 235/7 व रकबा 0.40. 0.27 हे. योग खसरा नंबर 02 योग रकबा 0.67 हे. दर्ज भू-स्वामी गणेशराम शोरी पिता चैनसिंह शोरी जाति गोड से कय करना चाहता है। ग्राम भिलाईदादर स्थित खसरा नंबर 584 को गैर आदिवासी सोनूलाल साहू पिता बहोरन साहू जाति तेली के पास दिनाक 24.03 2026 को चुकता 5,50,000 रूप्ये में विक्रय करने सौदा कर 2,10000 रूप्ये अग्रिम राशि प्राप्त किया है। ग्राम चरोदा स्थित भूमि खसरा नंबर 55/2, 235/7 को दिनांक 24.03.2026 को गणेशराम से चुकता 5,60,000 रूप्ये में सौदा कर 2,10,000 रूप्ये अग्रिम राशि आवेदक ने दिया है। ग्राम भिलाईदादर स्थित भूमि शाासन से प्राप्त होने के कारण उक्त दर से कोई आदिवासी कय करने तैयार नहीं हुआ उक्त भूमि को सोनूलाल साहू से सौदा होने पर वह भूमि बिकी मजूरी के बाद रजिस्ट्री के समय शासन द्वारा निर्धारित दर पर कय करने तैयार है। ग्राम भिलाईदादर की भूमि दादर एक फसलीय असिंचित है। ग्राम चरौदा स्थित भूमि का कद अच्छा एवं रकबा ज्यादा है। अत. ग्राम मिलाईदादर के स्थित भूमि खसरा नंबर 584 को विक्रय कर ग्राम चरौदा स्थित भूमि खसरा नंबर 55/2 एवं 235/7 को कय अनुमति हेतु छ ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (7) के तहत मंजूरी हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसके सबंध में इस न्यायालय मे राजस्व प्रकारण / अ-21/ वर्ष 2025-2026 दर्ज किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। जिसमें आगामी सुनवायी दिनॉक 31/07/2026 को नियत है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति, अथवा संस्था को किसी भी प्रकार से कोई दावा / आपत्ति, आवेदन प्रस्तुत करना हो, तो वे नियत तिथी तक स्वयं या अपने प्राधिकृत अभिभाशक अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से समक्ष में उपस्थित होकर लिखित में अपना दावा/आपत्ति, आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। मियाद अवधि पश्चात दावा / आपत्ति, आवेदन पर किसी प्रकार से विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर — तहसीलदार कोमाखान

# मोंहदा स्कूल में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन, सत्या अध्यक्ष व हितेश्वरी उपाध्यक्ष






हरिभूमि न्यूज ⏭ अरंड (पिथौरा)

शासकीय प्राथमिक शाला मोंहदा में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से सत्या यादव अध्यक्ष, हितेश्वरी यादव उपाध्यक्ष, स्थानीय प्राधिकरण से शाखाराम पटेल उपसरपंच, सदस्य खेमराज यादव, शिक्षाविद डिगम लाल साहू, प्रधान पाठक सचिव हरिशंकर पटेल, सहायक शिक्षक कोषाध्यक्ष बैजंती यादव, दशमत खड़िया, अनिता मिर्धा, कुसुमलता यादव, ईश्वरी यादव, सावित्री गोस्वामी, रधुनंदन दीवान, मनोज यादव, देवनारायण यादव सदस्य मनोनीत किए गए।

इस अवसर पर सरपंच नर्मदा ध्रुव ने सभी मनोनीत समिति के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय के चहुंमुखी विकास में अपना योगदान करने के लिए प्रेरित किए। समिति अध्यक्ष सत्या यादव ने सभी पालकों से छात्र-छात्राओं को नियमित विद्यालय भेजने हेतु निवेदन किए। खेमराज यादव ने वनांचल से घिरे हुए मोंहदा ग्राम के शिक्षा का इतिहास बताया और कहा कि पहले आवागमन की सुविधा नहीं होने के कारण यहां के लोग बीच में ही पढ़ाई छोड़ देते थे। बड़ी कठिनाई से ही पढ़ाई कर पाते थे। अब सुविधा हो गया है। शिक्षा ही व्यक्ति के विकास का प्रमुख साधन है। प्रधान पाठक डिगम लाल साहू ने विद्यालय प्रबंधन समिति के भूमिका एवं कार्य की जानकारी देते हुए शाला विकास योजना के प्रमुख विषय एवं लक्ष्य महासमुंद नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा सैनिक स्कूल, मुख्यमंत्री उत्कर्ष योजना एकलव्य विद्यालय चयन परीक्षा की तैयारी हेतु सभी पालकों से आग्रह किए। शासन द्वारा मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दिए। तत्पश्चात सभी सदस्यों एवं बाल केबीनेट द्वारा विद्यालय परिसर में फलदार एवं छायादार पौधे रोपित किए गए।

इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि तुलाराम ध्रुव, मंशाराम बरिहा, महेश्वरी ध्रुव, बलराम मिर्धा अभिभावकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन चंद्रकांति ठाकुर सहायक शिक्षिका व आभार हरिशंकर पटेल ने व्यक्त किए।



## खबर संक्षेप

### खरोरा के शहीद स्मारक में 26 को मनाया जाएगा स्थापना दिवस

**महासमुंद।** कारगिल विजय दिवस के दिन 26 जुलाई को ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक का छठवां स्थापना दिवस मनाया जाएगा। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है। इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था, जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ और इसमें भारत विजय हुआ। कारगिल विजय दिवस युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान के लिए यह दिवस मनाया जाता है।

### फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 तक

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत जिले में खरीफ वर्ष 2026 के लिए ग्राम स्तर पर धान सिंचित, धान असिंचित, मक्का, सोयाबीन एवं राजस्व निरीक्षक मंडल स्तर पर मूंगफली, अरहर, मूंग, उड़द, कोदो, कुटकी एवं रागी फसलों को अधिसूचित किया गया है। इन फसलों के लिए बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। उपसंचालक कृषि एफआर कश्यप ने जिले के समस्त किसानों से अपील की है कि वे इस योजना का लाभ उठाएं और अपनी फसलों का बीमा समय रहते करवा लें। किसान अपने नजदीकी बैंक, सहकारी समितियों अथवा लोक सेवा केंद्र में संपर्क कर फसल बीमा करा सकते हैं। बीमा से जुड़ी जानकारी एवं समस्याओं के समाधान के लिए कृषकगण विकासखंडवार वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों एवं बीमा कंपनी प्रतिनिधियों से संपर्क कर सकते हैं।

### 9वीं में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग 5 तक

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 की कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग प्रक्रिया 22 जुलाई से प्रारंभ हो गई है। यह काउंसिलिंग 5 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास शिल्पा साय ने बताया कि प्रयास आवासीय विद्यालयों की प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित होने के पश्चात पात्र छात्र-छात्राओं की काउंसिलिंग सूची एवं तिथियां विभाग की आधिकारिक वेबसाइट https://eklavya.cg.nic.in पर प्रदर्शित कर दी गई हैं।

### नगर में खुले में घूम रहे गौवंश एवं अन्य मवेशियों की समुचित व्यवस्था के लिए आज बैठक

**महासमुंद।** नगर क्षेत्र में सड़कों एवं सार्वजनिक स्थानों पर खुले में घूम रहे गौवंश एवं अन्य मवेशियों के कारण उत्पन्न हो रही यातायात बाधा, सड़क दुर्घटनाओं की आशंका तथा आमजन को होने वाली असुविधा के स्थायी समाधान के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा 23 जुलाई 2026 (गुरुवार) को प्रातः 11:00 बजे एक अनौपचारिक बैठक का आयोजन किया गया है। यह बैठक नगर पालिका कार्यालय के अध्यक्ष कक्ष में आयोजित होगी, जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्रभारी सदस्य, पार्षदगण, एल्डरमैन, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, समस्त पार्षदगण, गौवंश पशु प्रेमी संस्थाओं के प्रतिनिधि, गौसेवक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी आमंत्रित किए गए हैं। बैठक में नगर क्षेत्र में खुले में घूम रहे गौवंश एवं अन्य मवेशियों की समुचित व्यवस्था, पशु मालिकों की जिम्मेदारी, दुर्घटनाओं की रोकथाम, गौठान की व्यवस्था, जनजागरुकता अभियान तथा प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा ने सभी आमंत्रित जनप्रतिनिधियों, गौसेवकों एवं गौवंश पशु प्रेमी संस्थाओं से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर अपने महत्वपूर्ण सुझाव एवं सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

## परेशानी : साइड सोल्डर में भी दुर्घटना की आशंका, रपटे पर पुल बनाने की मांग

# 30 किमी कोमाखान-छुरा मार्ग में गड्ढे ही गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान

कोमाखान- छुरा मार्ग वर्षों से उपेक्षा का शिकार है। सिंगल पट्टी डामरीकृत मार्ग जहां बस-कार, ट्रक, पिकअप आदि अन्य वाहनों को साइड देकर क्रॉस करने से हमेशा हादसों का भय रहता है। साइड-सोल्डर तो इस मार्ग में और खतरनाक है। बाइक या अन्य वाहन साइड के दौरान डरे सहमे से रहते है। सुरक्षित वाहनों को क्रॉस कर निकल गए तो अपने को खुशनसीब समझते हैं।

बहरहाल, कसेकेरा से छुरा मार्ग की लंबाई तकरीबन 30 किलोमीटर है। जहां गड्ढे ही गड्ढे हैं। ऐसे में वाहन चलाना बेहद कठिन है। वहीं कसेकेरा से छुरा मार्ग में दो तीन जगहों पर ऊंचा पुल बनाने की दरकार है। जिसमें कामाख्या मंदिर के आगे का रपटा खाईनुमा है। जितना रपटे में नीचे वाहन उतरता है, उतना ही फिर वापस चढ़ना पड़ता है। पलसीपानी रपटे पर भी ऐसे ही ऊंचा पुल बनाने की मांग ग्रामीणों द्वारा की जा रही है।

बता दें कि रात पर यदि झमाझम बारिश हो जाए, तो रपटे के ऊपर से बारिश का पानी बहना शुरू हो जाता है। ऐसे में आवागमन भी अवरुद्ध होने की प्रबल संभावना रहती है। वहीं ग्रामीणों, बस चालकों, परिचानकों के अनुसार पलसीपानी का रपटा भी एक जगह से क्षतिग्रस्त है। जिससें भी दुर्घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।





**30 किलोमीटर लंबा मार्ग वर्षों से उपेक्षित**

बहरहाल, सिंगल पट्टी सड़क के रपटों की स्थिति को देख कर कोई भी यह आंकलन कर समझ सकता है कि यह यह मार्ग विभाग की उदासीनता के कारण पूरी तरह उपेक्षित है और इस मार्ग के उद्धार की दिशा में वर्षों से न मरम्मत करने की कोशिश की गई है और न ही सुगम आवागमन की दृष्टि में कभी व्यवस्थित करने की पहल। इस मार्ग की उपेक्षा विभाग की लापरवाही को उजागर कर रही है। गड्ढों से सराबोर सिंगल पक्की सड़क के आजू-बाजू साइड सोल्डर व मुरुम डामरयुक्त सड़क के किनारे कहीं नाली नुमा और ऊंचाई है। जिससे क्रॉस करते समय वाहनों चालक मानो जान हथेली पर लेकर गुजरते हैं। ग्रामीणों ने इस मार्ग का मरम्मत शीघ्र करने की मांग विभागीय अधिकारियों से की है।

बता दें कि कुछ वर्ष खल्लारी विधानसभा के विधायक व कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने क्षेत्रवासियों की मांग पर स्वतः रुचि लेकर चौखड़ी-चौक से कोमाखान होकर गम कसेकेरा तक (8 किलोमीटर करीब) मांग का नव-निर्माण व चौड़ीकरण सुव्यवस्थित कराया है, जो उल्लेखनीय तो है, साथ ही प्रशंसनीय रहा है। पर इधर कसेकेरा से छुरा महज 30 किलोमीटर लंबाई वाले सिंगल पट्टी सड़क की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है। वर्तमान में सड़क पर गड्ढों ने वाहनों को हिचकोले खाते जाना पड़ता है। अनगिनत गड्ढों से भरे इस सड़क पर चलने वाले वाहनों में आए दिन टूटफूट होती रहती है।

कोमाखान से छुरा मार्ग के बीच दर्जन भर गांवों में मुख्य रूप से कसेकेरा, धौराभाठा, कछारडीह, पलसीपानी, टेका, टुहलू, टार, चरौडा, चोरभट्टी, दारगांव आदि ऐसे गांव बसे हैं। जहां के बैंकड़ों ग्रामवासियों ने उक्त सड़क का व्यवस्थित मरम्मत अथवा चौड़ीकरण के साथ रपटों पर पुल पुलिया का निर्माण कर आवागमन सुगम बनाने की मांग विभाग के उच्चाधिकारियों से की है।

यहां यह भी बताना लाजिमी होगा कि छुरा तक 30 किलोमीटर के सफर में किलोमीटर की पत्थर कहीं मिट गया है तो कहीं पत्थर गिरा पड़ा है। सूचना बोर्ड भी कहीं-कहीं दिखाई नहीं दे रहा है। इसके अलावा वर्षा से उपेक्षा के बावजूद भी इस मार्ग में पहले की अपेक्षा 5-10 वर्षों में विभिन्न छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही में बेतहाशा वृद्धि हुई है।

# जनपद उपाध्यक्ष के सतत प्रयास से ओवरब्रिज निर्माण कार्य में महत्वपूर्ण प्रगति, विभाग ने पोल लगाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जनपद पंचायत की उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर द्वारा क्षेत्र के किसानों एवं आम नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही पानी निकासी की समस्या को गंभीरता से उठाते हुए संबंधित विभाग को पत्र लिखकर शीघ्र समाधान की मांग की गई थी। उनके लगातार प्रयास, जनहित के प्रति प्रतिबद्धता एवं नियमित अनुश्रवण का सकारात्मक परिणाम अब सामने आने लगा है।

पत्र प्राप्त होने के पश्चात संबंधित विभाग के अधिकारियों ने तत्काल स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसानों, स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर मौके की वास्तविक स्थिति का अवलोकन किया गया। विभागीय अधिकारियों ने पाया कि ओवरब्रिज निर्माण कार्य के दौरान पानी निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक तकनीकी कार्य किया जाना अत्यंत आवश्यक है। स्थल निरीक्षण के उपरांत



अधिकारियों ने संबंधित ठेकेदार को 12 एमएम का पोल लगाने सहित आवश्यक तकनीकी मानकों के अनुरूप कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए, ताकि बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान हो सके और किसानों की कृषि भूमि तथा आमजन को होने वाली परेशानी से राहत मिल सके। जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर ने कहा कि जनहित से जुड़े प्रत्येक मुद्दे का समाधान कराना उनकी प्राथमिकता है। किसानों एवं क्षेत्रवासियों की समस्याओं के निराकरण के लिए वे निरंतर संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर कार्य कर रही हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों द्वारा त्वरित कार्रवाई किए जाने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्य समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्वक पूर्ण होना चाहिए, जिससे क्षेत्रवासियों को स्थायी राहत मिल सके। क्षेत्र के किसानों एवं स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर के प्रयासों की सराहना की तथा विश्वास व्यक्त किया कि ओवरब्रिज निर्माण कार्य के साथ-साथ पानी निकासी की व्यवस्था भी शीघ्र पूर्ण होने से क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होगा।



### जरूरतमंद परिवारों को पट्टा दिलाने की मांग

**महासमुंद।** नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 22 के पार्षद चंद्रशेखर बेलदार अपने वार्ड व आसपास के क्षेत्रों के गरीब और जरूरतमंद परिवारों को पट्टा दिलाने के लिए किए जा रहे प्रयास के तहत विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से मुलाकात कर इस संबंध में ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उन्होंने मांग की है कि पहले के सर्वे सूची के आधार पर चयनित पात्र हितग्राहियों को तत्काल पट्टा वितरण किया जाए तथा छूटे हुए पात्र हितग्राहियों को पट्टा देने नए सर्वे कराए जाए। पार्षद की मांग पर आज से नए सर्वे शुरू भी हो गया है। इसके लिए उन्होंने विधायक का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि नया सर्वे शुरू होना निश्चित ही छूटे हुए पात्र परिवारों के लिए लाभदायक है, लेकिन, जो लोग पहले से पात्रता सूची में हैं तथा चालान जमा कर चुके हैं, उन्हें पहले पट्टा वितरण किया जाए। पार्षद चंद्रशेखर बेलदार ने कहा कि उनके वार्ड में अधिकांश लोग गरीब बीपीएल श्रेणी में आते हैं। अभी भी उनके लिए पक्का मकान बनाना किसी सपने जैसा है।



### 2 स्कूल बसों में खामियां पाए जाने पर स्कूल प्रबंधन को कारण बताओ नोटिस जारी

**महासमुंद।** जिला परिवहन अधिकारी प्रतीक शुक्ला के निर्देशन में परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से सोमवार को महासमुंद अंतर्गत 02 निजी स्कूल रिवरडेल इंटरनेशनल स्कूल एवं वेडनर स्कूल की सघन जांच की गई। जांच के दौरान स्कूल बच्चों द्वारा दो पहिया वाहन चालन किया जाना नहीं पाया गया। जिला परिवहन अधिकारी द्वारा स्कूल प्रबंधन को यातायात नियमों का पालन करते हुए 16 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को लायसेंस एवं हेलमेट का उपयोग अनिवार्य रूप से किये जाने की सूचना दी गई एवं 02 स्कूल बसों में खामियों पाए जाने पर संबंधित स्कूल प्रबंधन को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# पार्थिव शिवलिंग अभिषेक में शामिल हुए विधायक योगेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पटेवा में नवनिर्मित महतारी सदन में विधायक योगेश्वर राजू सिंहा और उनकी पत्नि प्रिया सिंहा ने पार्थिव शिवलिंग पूजन करते हुए इस धार्मिक अनुष्ठान में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने विधि-विधानपूर्वक भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक करते हुए क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की।

कार्यक्रम में श्रद्धालुओं द्वारा पूरे भक्तिभाव और श्रद्धा के साथ भगवान शिव का पूजन-अभिषेक किया गया। विधायक सिन्हा ने कहा



कि भगवान शिव की आराधना और धार्मिक आयोजनों से मन को शांति मिलती है तथा समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। ऐसे धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजन हमारी सनातन संस्कृति और परंपराओं को मजबूत करने के साथ-साथ समाज में आपसी भाईचारा, सद्भाव और एकता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान भोलेनाथ सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें और क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली का वास हो।

**यह रहे उपस्थित:** इस अवसर पर भाजपा सिरपुर पटेवा मंडल अध्यक्ष डिगेश्वरी चंद्राकर, महामंत्री सुनील पटेल, ग्राम सरपंच पटेवा दूज बाई राजू ध्रुव, भाजपा नेतागण संदीप घोष, गोविंद ठाकुर, कुलजीत सलूजा, शम्मी सलूजा, कमल कौशिक, हनी गंभीर, मनोहर साहू, टीकाराम पटेल, दिनेश रूपरेला, मनोज यादव भावरिया, राजा अग्रवाल, लीलाधर नायक, अजय साहू, सोमनाथ सिन्हा, संतोष शर्मा, विकास अग्रवाल, वासुदेव साहू, संजीव सिन्हा, नरेंद्र सिन्हा, सतीश मारकंडे, डेविड चंद्राकर, लाला साहू, सुनील शुक्ला, गणेश साहू, शोभित ध्रुव, बिंद लाल ध्रुव, तुकाराम साहू, रामरतन बघेल, राधेश्याम नायक, जितेंद्र साहू, रेवती फेकर, बीना पटेल, प्रेम लाल ध्रुव, छोटे लाल निर्मलकर, नूतन साहू, भीष्मा नायक, टीकम पटेल सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# तेंदूकोना में धूमधाम से निकली प्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

रिमझिम बारिश के बीच मंगलवार को तेंदूकोना में रथयात्रा महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र तथा सुभद्रा की रथयात्रा बस्तीपारा से निकाली गई। आकर्षक ढंग से सजे रथ में भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलभद्र के प्रतिमा को विराजित किया गया था। शाम 4 बजे रथयात्रा यहां के बस्तीपारा से निकाली गई। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह भगवान के दर्शन कर पूजा अर्चना की। भगवान जगन्नाथ के रथयात्रा को देखने के लिए क्षेत्र के श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। रिमझिम बारिश में भी लोग गजामूंग का प्रसाद लेते रहे। यहां के ग्राम प्रमुख व ग्रामीणों द्वारा दो दिन पूर्व से



ही रथ यात्रा की तैयारी में जुट गए थे। मंगलवार शाम को यात्रा पुरानी बस्ती से प्रारंभ की गई। बेल्डीह के मृदंग दल द्वारा गाजे बाजे, मृदंग के साथ आकर्षक नृत्य करते हुए रथयात्रा निकाली गई। जहां भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा एवं भैया बलभद्र के साथ रथ पर सवार होकर गांव के चौक-चौराहा होते हुए ग्राम के विभिन्न गलियों में भक्तों को दर्शन देने के लिए निकले। इस दौरान तेंदूकोना सहित क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने



भारी संख्या में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। यात्रा में ग्राम सरपंच देवंतीन दिलीप दीवान, उपसरपंच उज्ज्वल अग्रवाल, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल सोनी, सचिव मनीष अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि सतीश अग्रवाल, वार्ड पंच अमित अग्रवाल, कृष्णा मानिकपुरी, रूपधर पटेल, नरोत्तम बरिहा, देवेंद्र बैरागी, ढालन साहू, दिलीप दीवान, संतोष तिवारी, पंडवा दीवान मौजूद थे।





30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर,01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

**नेपाल विदेश यात्रा**

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411